आनंदालय

सामयिक परीक्षा - 2

कक्षा : दसवीं

विद्या सवार्थ साधिका

विषय : हिंदी 'ब' (085) | अधिकतम अंक : 80

दिनांक: 03-10-2023 | निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश:

- ✧ इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'
- ✧ खंड 'अ' में उप प्रश्नों सहित कुल 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
- ✧ खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं , आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं |
- ✧ दिए गए निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
- ✧ दोनों खंडों में कुल 18 प्रश्न दिए गए है | दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
- ✧ यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए |

खंड- 'अ' वस्तुपरक-प्रश्न

1. नीचे एक गद्यांश दिया गया है | गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए | (5X1=5)

घर जैसा छोटा-सा शब्द भावात्मक दृष्टि से बहुत विशाल होता है। इस आधार पर मकान, भवन, फ्लैट, कमरा, कोठी, बँगला आदि इसके समानार्थी बिलकुल भी नहीं लगते हैं क्योंकि इनका सामान्य संबंध दीवारों, छतों और बाहरी व आंतरिक साज-सज्जा तक सीमित होता है, जबकि घर प्यार-भरोसे और रिश्तों की मिठास से बनता है। एक आदर्श घर वही है, जिसमें प्रेम व भरोसे की दीवारें, आपसी तालमेल की छतें रिश्तों की मधुरता के खिले-खिले रंग, स्नेह, सम्मान व संवेदनाओं की सज्जा हो। घर में भावात्मकता है, वह भावात्मकता, जो संबंधों को महकाकर परिवार को जोड़े रखती है। यह बात हमें अच्छी तरह याद रखनी चाहिए कि जब रिश्ते महकते हैं, तो घर महकता है, प्यार अठखेलियाँ करता है, तो घर अठखेलियाँ करता है, रिश्तों का उल्लास घर का उल्लास होता है, इसलिए रिश्ते हैं, तो घर है और रिश्तों के बीच बहता प्रेम घर की नींव है। यह नींव जितनी मज़बूत होगी, घर उतना ही मज़बूत होगा। न जाने क्यों, आज का मनुष्य संवेदनाओं से दूर होता जा रहा है, उसके मन की कोमलता, कठोरता में बदल रही है ; दिन-रात कार्य में व्यस्त रहने और धनोपार्जन की अति तीव्र लालसा से उसके अंदर मशीनियत बढ़ रही है, इसलिए उसके लिए घर के मायने बदल रहे हैं; उसकी अहमियत बदल रही है, इसी कारण आज परिवार में आपसी कलह, द्वंद्व आदि बढ़ रहे हैं। आज की पीढ़ी प्राइवेसी (वैयक्तिकता) के नाम पर एकाकीपन में सुख खोज रही है। उसकी सोच 'मेरा कमरा, मेरी दुनिया' तक सिमट गई है। एक छत के नीचे रहते हुए भी हम एकाकी होते जा रहे हैं। काश, सब घर की अहमियत समझें और अपना अहं हटाकर घर को घर बनाएँ रखने का प्रयास करें।

(i) भावात्मक दृष्टि से घर जैसे छोटे-से शब्द की 'विशालता' में निहित हैं-
कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

कथन - (i) प्रेम, विश्वास, नातों का माधुर्य व संवेदनाएँ
(ii) आकर्षक बनावट, सुंदर लोग, वैभव व संपन्नता
(ii) सुंदर रंग संयोजन, आंतरिक सजावट एवं हरियाली
(iv) स्नेह, सम्मान, सरसता, संवेदनाएँ, संपन्नता व साज-सज्जा

विकल्प - (क) कथन i सही है। (ख) कथन i व ii सही हैं |
(ग) कथन ii व iii सही हैं। (घ) कथन iii व iv सही हैं।

(ii) सामान्य रूप में मकान, भवन, फ़्लैट, कमरा, कोठी आदि शब्दों का संबंध किससे होता है?
(क) हृदय की भावनाओं से (ख) वैभव और समृद्धि से
(ग) स्थानीय सुविधाओं से (घ) बनावट व सजावट से

(iii) आज की पीढ़ी को सुख किसमें दिखाई दे रहा है?
(क) निजी जीवन व एकांतिकता में (ख) पारिवारिक भावात्मक संबंधों में
(ग) बिना मेहनत सब कुछ मिल जाने में (घ) धनोपार्जन हेतु जी तोड़ मेहनत करने में

(iv) गद्यांश में प्रेम को घर का क्या बताया गया है?
(क) आभूषण (ख) आधार (ग) भरोसा (घ) उल्लास

(v) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-
कथन (A)- आदमी के अंदर संवेदनाओं की जगह मशीनियत बढ़ती जा रही है।
कारण (R) - व्यस्तता और अर्थोपार्जन की अति महत्वाकांक्षा ने उसे यहाँ तक पहुँचा दिया है।
(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) सही हैं, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

2 नीचे एक गद्यांश दिया गया है | गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए | (5X1=5)

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान देश के विभिन्न राज्यों में सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देता है। भारत एक अनोखा राष्ट्र है, जिसका निर्माण विविध भाषा, संस्कृति, धर्म के तानों-बानों, अहिंसा और न्याय के सिद्धान्तों पर आधारित स्वाधीनता संग्राम तथा सांस्कृतिक विकास के समृद्ध इतिहास द्वारा एकता के सूत्र में बाँधकर हुआ है। हम इतिहास की बात करें या वर्तमान की भारतवर्ष में कला एवं संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन हर समय एवं हर स्थान पर हुआ है। नृत्य, संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला इत्यादि से समृद्ध भारत की पहचान पूरे विश्व में है। भारतीय वास्तुकला एवं मूर्तिकला की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। इस कला की कहानी लगभग पाँच हजार वर्ष पूर्व सिंधु घाटी की सभ्यता से आरंभ होती है। इसके दो प्रमुख नगरों मोहनजोदड़ो और हड़प्पा में अच्छी सड़कें, दो मंजिले मकान, स्नानघर पक्की ईंटों के प्रयोग के सबूत मिले हैं। गुजरात के लोथल नामक स्थान की खुदाई से पता चलता है कि वहाँ नावों से सामान उतारने के लिए 216 x 37 मीटर लम्बी-चौड़ी तथा 15 फीट गहरी गोदी बनी हुई थी। ये लोग मिट्टी, पत्थर, धातु, हड्डी, काँच आदि की मूर्तियाँ एवं खिलौने बनाने में कुशल थे। धातु से बनी एक मूर्ति में एक नारी को कमर पर हाथ रखे नृत्य मुद्रा में दर्शाया गया है। दूसरी मूर्ति पशुपतिनाथ शिव की तथा तीसरी मूर्ति दाढ़ी वाले व्यक्ति की है। ये तीनों मूर्तियों कला के सर्वश्रेष्ठ नमूने हैं। मूर्ति का श्रेष्ठ होना मूर्तिकार के कौशल पर निर्भर करता है। मूर्ति की प्रत्येक भावभंगिमा को दर्शाने में मूर्तिकार जी-जान लगा देता है। भारत के प्रत्येक कोने में इस प्रकार की विभिन्न कलाएँ हमारी संस्कृति में प्रतिबिंबित होती हैं। इस अतुलनीय निधि का बचाव और प्रचार-प्रसार ही एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना है।

(i) भारत को 'अनोखा राष्ट्र कहने से लेखक का तात्पर्य है-

(क) बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन (ख) मूर्तिकला के सर्वश्रेष्ठ नमूने

(ग) संवेदनशील भारतीय नागरिक (घ) विभिन्नता में एकता का प्रतीक

(ii) सिंधु घाटी की सभ्यता प्रतीक है-

(क) मूर्तिकार के कौशल का (ख) एक भारत श्रेष्ठ भारत का

(ग) प्राचीन सुव्यवस्थित सभ्यता का (घ) स्वाधीनता संग्राम के नायकों का

(iii) गद्यांश हमें संदेश देता है-

(क) कलाकार अपनी कला का श्रेष्ठ प्रदर्शन करता है।

(ख) भारतीय नृत्य और संगीत की कला विश्व प्रसिद्ध है।

(ग) भारतीय सभ्यता व संस्कृति का संरक्षण आवश्यक है।

(घ) स्वाधीनता संग्राम में क्रांतिकारियों का विशेष योगदान है।

(iv) गद्यांश में मूर्तियों का सविस्तार वर्णन दर्शाता है-

(क) सूक्ष्म अवलोकन एवं कला-प्रेम (ख) प्राचीन मूर्तियों की भावभंगिमा

(ग) स्थूल अवलोकन एवं कला-प्रेम (घ) सांस्कृतिक एकता एवं सौहार्द

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) भारतवर्ष में कला एवं संस्कृति का अनूठा प्रदर्शन हर समय हुआ है।

कारण (R) भारतीय वास्तुकला एवं मूर्तिकला की परंपरा अत्यंत प्राचीन है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है |

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (4X1=4)

(i) 'छत से पतंग दिखाई दे रही थी |'- वाक्य में क्रिया पदबंध है -

(क) छत से (ख) दिखाई दे रही थी (ग) पतंग दिखाई (घ) छत से पतंग

(ii) 'वह <u>सुबह से शाम तक</u> भटकता रहा |' रेखांकित पदबंध का भेद है -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(iii) '<u>तकदीर का मारा वह</u> किससे शिकायत करता |' रेखांकित पदबंध का भेद है -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(iv) 'केवल पुस्तकों से सर्वांगीण और स्थाई ज्ञान प्राप्त नहीं होता |' वाक्य में विशेषण पदबंध है -

(क) स्थाई ज्ञान (ख) सर्वांगीण और स्थाई (ग) केवल पुस्तकों से (घ) प्राप्त नहीं होता

(v) '<u>रात में पहरा देनेवाला पहरेदार</u> बीमार हो गया |' रेखांकित पदबंध का भेद है -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया विशेषण पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (4X1=4)

(i) कॉलम 1 कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है | | (i) | सरल वाक्य |
| 2 | बाइबल और दूसरे पवन ग्रंथों में नूह नामक एक पैगंबर का ज़िक्र मिलता है| | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| 3 | बड़े भाई साहब खूब घुड़कियाँ देते लेकिन लेखक पर कोई असर नहीं होता| | (iii) | मिश्र वाक्य |

(क) 1- (ii ), 2- (i), 3- (iii)
(ख) 1- (iii ), 2- (i), 3- (ii)
(ग) 1- (i ), 2- (ii), 3- (iii)
(घ) 1- (ii), 2- (iii), 3- (i)

(ii) 'हमारा आचरण ऐसा हो जिसे लोग पसंद करें |' वाक्य-रचना की दृष्टि से है -
(क) सरल वाक्य (ख) मिश्रित वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य (घ) अन्य

(iii) 'धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस टूट गया |' रचना की दृष्टि से वाक्य भेद है -
(क) सरल वाक्य (ख) मिश्रित वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य (घ) अन्य

(iv) निम्नलिखित में मिश्रित वाक्य नहीं है -
(क) दार्शनिक कहते हैं कि जगत मिथ्या है (ख) मैंने एक व्यक्ति देखा जो बहुत दयालु था
(ग) ज्योंही सभा समाप्त हुई, कोलाहल मच गया (घ) लोग टोलियाँ बनाकर घूम रहे थे

(v) 'राम घर गया | उसने माँ को प्रणाम किया |' वाक्यों का उपयुक्त संयुक्त वाक्य है -
(क) राम ने घर जाकर माँ को प्रणाम किया
(ख) राम घर गया और उसने माँ को प्रणाम किया
(ग) जब राम घर गया तब उसने माँ को प्रणाम किया
(घ) राम ने घर जाते ही माँ को प्रणाम किया

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (4X1=4)

(i) 'जनांदोलन ' में कौन-सा समास है ?
(क) द्वंद्व समास (ख) अव्ययीभाव (ग) बहुव्रीहि (घ) तत्पुरुष

(ii) निम्न में से बहुव्रीहि समास है -
(क) राधा-कृष्ण (ख) यथासंभव (ग) चक्रपाणि (घ) चौमासा

(iii) 'मन से गढ़ा' का समस्त पद है -
(क) मनगढ़ंत (ख) मनोगढ़ंत (ग) मनगढ़ (घ) मनगढ़ई

(iv) 'नीलगाय' समस्तपद में कौन-सा समास है -
(क) द्वंद्व समास (ख) अव्ययीभाव समास (ग) द्विगु समास (घ) कर्मधारय समास

(v) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | समस्तपद | | समास |
|---|---|---|---|
| 1 | महाजन | 1 | कर्मधारय |
| 2 | लंबोदर | 2 | द्विगु |
| 3 | नवरत्न | 3 | बहुव्रीहि |
| 4 | दिनोंदिन | 4 | अव्ययीभाव |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं -

(क) 1 और 2 (ख) 1 और 3 (ग) 2 और 4 (घ) 1 और 4

6. निर्देशानुसार 'मुहावरों ' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (4X1=4)

(i) श्रीकृष्ण के प्रेम में मीरा अपनी ____ खो बैठी | उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

(क) अंधे की लाठी (ख) सुध-बुध (ग) गाढ़ी कमाई (घ) गले का हार

(ii) 'दूध की मक्खी' - मुहावरे का अर्थ है-

(क) व्यर्थ की वस्तु (ख) महत्त्वपूर्ण वस्तु (ग) कमज़ोर व्यक्ति (घ) अनजान व्यक्ति

(iii) 'तीन घंटे की परीक्षा लिखना, ___जैसा प्रतीत होता है|' रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए -

(क) फूलों की सेज (ख) आसमान सिर पर उठाना

(ग) आँखों में धूल झोंकना (घ) लोहे के चने चबाना

(iv) मुहावरे और अर्थ के अनुचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए -

(क) टेढ़ी खीर होना - कठिन कार्य (ख) टाँग अड़ाना - विघ्न डालना

(ग) तलवे चाटना - बहुत मेहनत करना (घ) पीठ दिखाना - पीछे हटना

(v) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए -

(क) आड़े हाथों लेना - सख्ती से पेश आना (ख) रंग दिखाना - मदद करना

(ग) शब्द चाटना - विरोध करना (घ) तीर मारना - युद्ध की तैयारी

(vi) 'लांछन लगाना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है -

(क) पगड़ी उछालना (ख) कीचड़ उछालना (ग) चार चाँद लगाना (घ) पानी-पानी होना

7. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए - (5X1=5)

सहानुभूति चाहिए, महाविभूति है यही;
वशीकृता सदैव है बनी हुई स्वयं मही ।
विरुद्धवाद बुद्ध का दया-प्रवाह में बहा,
विनीत लोकवर्ग क्या न सामने झुका रहा?
अहा! वही उदार है परोपकार जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ॥

(i) मनुष्य का सर्वश्रेष्ठ गुण, जो सभी को वश में कर ले, वह है-

(क) महाविभूति (ख) सहानुभूति (ग) भाईचारा (घ) इनमें से कोई नहीं

(ii) किस महापुरुष को महान और परोपकारी बताया है ?

(क) दानवीर कर्ण (ख) महावीर (ग) महात्मा बुद्ध (घ) महात्मा गांधी

(iii) कवि के अनुसार उदार कौन है ?

(क) सभी को समान समझने वाला (ख) लोगों पर दया न करने वाला

(ग) सभी को समझाने वाला (घ) सभी पर परोपकार करने वाला

(iv) महात्मा बुद्ध के सामने उनके विरोधी भी नतमस्तक थे क्योंकि -

(क) वे महान दार्शनिक थे। (ख) वे बड़े दानी थे।

(ग) वे कुशल वक्ता थे। (घ) वे बड़े दयालु थे।

(v) उपर्युक्त काव्यांश से संबंधित कौन-सा कथन असत्य है?

(क) दूसरों के दुख को अपना दुख समझना ही मनुष्यता है।

(ख) परोपकारी तथा उदार मनुष्य ही पूजनीय होता है।

(ग) महान लोग ईश्वर को भी अपने वश में रखते हैं।

(घ) सहानुभूति ही मनुष्य की संचित पूँजी है।

8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए | (2X1=2)

(i) मीराबाई की भक्ति में कौन-सा भाव है?

(क) स्वार्थ एवं लालच का भाव (ख) दैन्य एवं माधुर्य का भाव

(ग) आलस्य एवं तंद्रा का भाव (घ) ऊँच और नीच का भाव

(ii) 'ऐसें घटि-घटि राम हैं'-पंक्ति में 'राम' शब्द से क्या अभिप्राय है?

(क) दशरथ के पुत्र (ख) प्राण (ग) परमपिता (ईश्वर) (घ) एक साधारण व्यक्ति

9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5X1=5)

हमारी फ़िल्मों की सबसे बड़ी कमज़ोरी होती है, लोक-तत्त्व का अभाव। वे ज़िंदगी से दूर होती हैं। यदि त्रासद स्थितियों का चित्रांकन होता है तो उन्हें ग्लोरीफ़ाई किया जाता है। दुख का ऐसा वीभत्स रूप प्रस्तुत होता है जो दर्शकों का भावनात्मक शोषण कर सके। और 'तीसरी कसम' की यह खास बात थी कि वह दुख को भी सहज स्थिति में, जीवन-सापेक्ष प्रस्तुत करती है। मैंने शैलेंद्र को गीतकार नहीं, कवि कहा है। वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन-लिप्सा से कोसों दूर थे। जो बात उनकी ज़िंदगी में थी वही उनके गीतों में भी। उनके गीतों में सिर्फ करुणा नहीं, जूझने का संकेत भी था और वह प्रक्रिया भी मौजूद थी जिसके तहत अपनी मंजिल तक पहुँचा जाता है। व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।

(i) हमारी फ़िल्मों में जिंदगी किस प्रकार व्यक्त होती है-

(क) कृत्रिम रूप में (ख) रचनात्मक रूप में (ग) आकर्षक रूप में (घ) सहज रूप में

(ii) ग्लोरीफाई से अभिप्राय है-

(क) भयावह बनाना (ख) महिमामंडित करना

(ग) बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत (घ) चकाचौंध पैदा करना करना

(iii) शैलेंद्र के गीतों में भावनाएँ थी-

(i) करुणा-आशा (ii) करुणा-संघर्ष (iii) श्रृंगार-करुणा (iv) मधुरता-करुणा

विकल्प :

(क) केवल (i) (ख) (i), (ii), (iii) (ग) केवल (ii) (घ) (ii), (iii), (iv)

(iv) शैलेंद्र की व्यथा मनुष्य को क्या देती है ?

(क) आँसू (ख) भय (ग) प्रोत्साहन (घ) विवशता

(v) कथन (A): शैलेंद्र सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन लिप्सा से कोसों दूर थे |
कारण (R): उन्हें पैसों से ज्यादा आत्म-सम्मान और आत्मसंतुष्टि प्रिय था ।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता

10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए | (2X1=2)

(i) छोटे भाई को अपनी लघुता का अनुभव कब हुआ ?
(क) जब बड़े भाई ने किताब पर चित्र बनाए । (ख) जब बड़े भाई ने थप्पड़ दिखाया।
(ग) जब बड़े भाई परीक्षा में फेल हो गए। (घ) जब बड़े भाई ने पैसे दिए।

(ii) तताँरा के क्रोध का क्या परिणाम निकला?
(क) द्वीप के दो टुकड़े हो गए (ख) दोनों द्वीप एक हो गए
(ग) उपर्युक्त दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

## खंड - 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

11 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)

(i) 'बुनियाद ही पुख्ता न हो तो मकान कैसे पायेदार बने' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए | लेखक किसके संबंध में ऐसा कहते हैं ?

(ii) तताँरा-वमीरो की त्यागमयी मृत्यु से कौन-सा सुखद परिवर्तन आया ? वर्तमान समाज में किन परिवर्तनों की आवश्यकता है ? स्पष्ट कीजिए |

(iii) "लेखक की डायरी का पन्ना" भावी पीढ़ी को किस प्रकार प्रेरित करता है ? स्पष्ट कीजिए |

12 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)

(i) मीरा ने हरि से अपनी पीड़ा हरने की विनती की है। उसे अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए ।

(ii) व्यक्ति को किस प्रकार का जीवन व्यतीत करना चाहिए? 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए।

(iii) कबीर की साखियों की भाषा की विशेषताओं का वर्णन कीजिए |

13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)

(i) 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर लिखिए कि 'स्वार्थ-लिप्सा' के कारण आजकल पारिवारिक संबंध कैसे बनते-बिगड़ते हैं?

(ii) विद्यार्थियों में अनुशासन रखने के लिए 'सपनों के-से दिन' पाठ में अपनाई युक्तियों को क्या आप सही मानते हैं ? अपने विचार व्यक्त कीजिए |

(iii) 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि उस समय के अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में रुचि क्यों नहीं थी? पढ़ाई को व्यर्थ समझने में उनके क्या तर्क थे? स्पष्ट कीजिए।

14 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (1x5=5)

(क) हम होंगे कामयाब एक दिन

-जीवन में सफ़लता-असफ़लता का महत्त्व

-कर्म करने की प्रवृत्ति

-आशा, उत्साह, उमंग का जीवन में स्थान

-उपसंहार

(ख) सत्संगति का महत्त्व

-सत्संगति का अर्थ

-सत्संग व कुसंगत का प्रभाव

-विद्यार्थी जीवन में महत्त्व

-उपसंहार

(ग) देश पर पड़ता विदेशी प्रभाव

-हमारा देश और संस्कृति

-विदेशी प्रभाव

-परिणाम और सुझाव

-निष्कर्ष

15 (क) आप समीर/समायरा हैं | बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के सुझाव देते हुए नवभारत टाइम्स के संपादक को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए | (1x5=5)

अथवा

(ख) पुस्तकालय में हिंदी की अच्छी पुस्तकें व पत्रिकाएँ मँगवाने के लिए निवेदन करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए |

16. (क) विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से वार्षिकोत्सव के विचार-विमर्श हेतु अध्यापक वर्ग के लिए लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए | (1x4=4)

अथवा

(ख) 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय में एक परियोजना का आयोजन किया जा रहा है | इसकी जानकारी देने तथा सहभागिता के लिए प्रेरित करते हुए विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव की ओर से लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए |

17 (क) क्रिकेट के बल्ले बनाने वाली किसी कंपनी के लिए लगभग 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए| (1x3=3)

अथवा

(ख) 'लाइट वाशिंग पाउडर' नामक उत्पाद के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए |

18 (क) 'ईमानदारी' विषय को आधार बनाकर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए | (1x5=5)

अथवा

(ख) आपके विद्यालय में 'हिंदी दिवस' मनाया गया | इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक को लगभग 100 शब्दों में ईमेल लिखिए |